संक्षिप्त

शिव महापुराण कथा का समापन

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम रामसिंहपुरा के हरिहर उदासीन आश्रम में ब्रह्मलीन महंत घनश्याम दास महाराज की तपोस्थली भूमि में आयोजित शिव महापुराण कथा का मंगलवार को वैदिक विधि-विधान से हवन की पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। कथा महंत सर्वज्ञ मुनि महाराज के सानिध्य में संपन्न हुई। समापन पर मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति करवाई गई। इसके पश्चात संत-महात्माओं ने उपस्थित श्रद्धालुओं को जीवन में धर्म, सत्य और सदाचार अपनाने का संदेश दिया। नई दिल्ली बड़ा अखाड़ा हरिहर उदासीन आश्रम के पीठाधीष्वर सुयज्ञ मुनि महाराज ने कहा कि शिव महापुराण जीवन में शांति, संयम और आत्मिक संतुलन प्रदान करता है। वहीं पलवल से आये महामंडलेष्वर जगदीश दास महाराज ने शिव आराधना को सामाजिक एकता और करुणा का आधार बताया। कार्यक्रम में पंचायती बड़ा अखाड़ा उदासीन के मुखिया महंत रामनोमी दास महाराज, पंजाब से कमल दास, महंत सतपाल दास महाराज, गोपालपुरा से महामंडलेष्वर रघुवंश दास महाराज, लालाराम भगत सहित अनेक संतों ने आशीर्वचन दिये। कथा समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें दूर-दराज से आये श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर पूर्व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, आजाद मान आदि ने आयोजन की सराहना की।

रेलवे होली पर्व पर 04 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलायेंगे

फुलेरा। होली पर्व पर बढ़ती यात्री भीड़ को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए 04 जोड़ी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जाएगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार इन ट्रेनों का संचालन मार्च माह में निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा, जिससे राजस्थान से उत्तर प्रदेश, बिहार एवं उत्तराखंड की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। जोधपुर से गोरखपुर के बीच 05, 12, 19 व 26 मार्च को (04 ट्रिप) साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन जोधपुर से शाम 4.15 बजे रवाना होकर शुक्रवार को रात 8.50 बजे पहुंचेगी। वापसी में 06, 13, 20 व 27 मार्च को गोरखपुर से जोधपुर के लिए सेवा उपलब्ध रहेगी। यह ट्रेन मेडता रोड, डेगाना, डीडवाना, सुजानगढ़, रतनगढ़, चूरू, रेवाड़ी, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या, बस्ती सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी।

मंदिरों में बैठने की कुर्सिया रखवाई

निवाई। ग्राम पंचायत ललवाडी में हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर ललवाडी मंडल के सभी गांवों के मंदिरों में बैठने की कुर्सिया को रखवाई गई है। हिंदू सम्मेलन समिति के कोषाध्यक्ष धीरजसिंह सोलंकी ने बताया कि विराट हिंदू सम्मेलन में बचे हुए संग्रह राशि से 6 कुर्सियां मंगवाकर गांव श्रीसुखपुरा, विजयगोविंद, अगरपुरा एवं ललवाड़ी के अटलसेवा केंद्र व गणेश मंदिर में आम जनता के बैठने के लिए कुर्सियां रखवाई गई है। जिससे आमजन व श्रद्धालुओं में खुशी की लहर दौड गई।

नशे के खिलाफ युवाओं ने शपथ ली

भरतपुर। जिलाध्यक्ष एनएसयूआई हरजीत सिंह सांखला के नेतृत्व में एनएसयूआई शपथ समारोह व भरतपुर में नषे के खिलाफ मुहिम चलाई। भरतपुर जिले में बढती हुई नषे की लत से बच्चों व युवाओं का भविश्य अंधकारमय हो रहा है तथा परिवार वालों को भी इनके द्वारा किये जा रहे दुव्यर्वहार के कारण शर्मिन्दा होना पड़ रहा है। इस बढती हुई नषे की लत से युवाओं को एनएसयूआई गांव-गांव ढाणी-ढाणी जाकर जागृत करने का प्रयास करेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांगरिया विधायक व प्रदेष अध्यक्ष युवा कांग्रेस राजस्थान अभिमन्यु पूनिया तथा विषिश्ठ अतिथि पूर्व विधायक वेदप्रकाष सोलंकी व जिलाध्यक्ष कांग्रेस दिनेष सूपा आदि मौजूद रहे।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

विराट हिन्दू सम्मेलन धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया

कोटपूतली। कस्बे के टेलिफोन एक्सचेंज रोड़ आदर्श नगर स्थित भैरू मंदिर प्रताप बस्ती में मंगलवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से किया गया। सम्मेलन में लक्ष्मी नगर स्थित श्रीराम मंदिर व मुख्य चौराहा स्थित श्री शिव-हनुमान मंदिर से दो ध्वज यात्रायें पहुंची। इस दौरान बौद्धिक वर्ग को सम्बोधित करते हुये आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक बुद्धिप्रकाश ने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पंच परिवर्तन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कहा कि संघ ना केवल हिन्दूओं को संगठित बल्कि समाज को हर प्रकार से स्वावलम्बी व जागरूक बनाने के लिये कार्य कर रहा हैं। जिसके तहत स्वदेशी को अपनाने, प्रत्येक नागरिक के कर्तव्य, कुटुम्ब प्रबोधन, विभिन्न समाजों में सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे प्रकल्प चलाये जा रहे हैं।

प्रत्येक हिन्दू आपस में भाई हैं, कोई भी हिन्दू समाज में पतित नहीं हैं, हिन्दूओं की रक्षा ही हमारा कर्तव्य व समानता का मंत्र हैं। इसी क्रम में हिन्दू जागरण की दिशा को नई उर्जा व चेतना प्रदान करने के लिये सर्व हिन्दू समाज द्वारा सनातन धर्म, संस्कृति व सामाजिक एकता के प्रतीक के रूप में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। उन्होंने आने वाले समय की कई गतिविधियों पर भी विस्तार से प्रकाष डाला। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने देश व दुनिया में कार्य कर रहे हिन्दूओं को एकजुट होने का संदेश दिया।

हिन्दू धर्म व सनातन संस्कृति पुरी दुनिया की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक हैं। श्रीराम मंदिर लक्ष्मी नगर के महंत रामबचनदास जी महाराज, भैंरू मंदिर महंत रामसिंह भगतजी, गुम का जोहड़ा महंत निरंजन दास महाराज ने आशीर्वचन कहे। भाजपा नेता व पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी ने कहा कि वर्तमान की चुनौतियों से निपटने के लिये हिन्दू समाज के प्रत्येक वर्ग को एकजुटता के सूत्र में पिरोकर कार्य करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीराम दरबार व भारत माता के चित्र पर मार्ल्यापण व द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस मौके पर प्रभात स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों व भामाशाहों का माला, दुपट्टा व रामलला का चित्र भेंटकर अभिनंदन किया गया।

इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अरूण कुमार सैनी, विहिप नगर अध्यक्ष रोहिताश सैनी,रतन भैया, बलेश सैनी, रमेश सैनी, राजेन्द्र सैनी, सुषमा सैनी, सुनीता सैनी, रेणू अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, रामधन सैनी, बंटी सैनी, कन्हैया लाल सैनी, भाजयुमो नेता शशि मित्तल, बालकृष्ण सैनी, नेमीचंद हिन्दू, नरेन्द्र हिन्दू, विरेन्द्र सैनी, लालाराम प्रधान, विजय शास्त्री, प्रीतम सैनी, श्यामलाल, लालाराम सैनी, सुगन चंद सैनी, सत्येंद्र जांगिड़, सुनील चौधरी, विजयानंद, सुरेंद्र, नेतराम ठेकेदार, सोहनलाल, महेश सैनी, कैलाश, उदय सिंह, मनोज अग्रवाल, प्रहलाद जांगिड़, महेश सराधना, रोहिताश सैनी, सतीश सैनी, महेश सैनी, नेतराम सैनी, नरेश मेहरा, अशोक सैनी, विरेन्द्र सैनी, सुनील चौधरी, ख्यालीराम सैनी, भूपेन्द्र यादव, मिथलेश, पुरूषोत्तम बिदाणी, बिल्लूराम सैनी, सीताराम गुप्ता, सचिन भरगड़, दिनेश सैनी, राजू सैनी, प्रकाश सैनी, हिरालाल सैनी, प्रदीप सैनी, धर्मवीर ठेकेदार, रमेश सैनी, सुबेसिंह सैनी, जीतू यादव समेत बड़ी संख्या में मातृ शक्ति मौजूद रही।

अतिथियों व भामाशाहों को माला, दुपट्टा व रामलला का चित्र भेंट कर अभिनंदन किया।

- संघ ना केवल हिन्दूओं को संगठित कर रहा हैं, बल्कि समाज को हर प्रकार से स्वावलम्बी व जागरूक बनाने के लिये कार्य कर रहा हैं : बुद्धिप्रकाश

प्री-लिटिगेशन मामलों में विवाद निस्तारण की पहल

फुलेरा। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) भंवर लाल बुगालिया के निर्देशन में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्र.सं. 1) अरविन्द कुमार जांगिड़, सांभरलेक के निर्देशानुसार न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय सांभरलेक भानुप्रिया सेहरा द्वारा नगर पालिका मण्डल फुलेरा के सभागार में विशेष समझाइश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फुलेरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के पक्षकारों के मध्य न्यायालय में विचाराधीन राजीनामा योग्य प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन मामलों में आपसी समझाइश करवाई गई। मामलों के निस्तारण हेतु पक्षकारों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर लीगल एड असिस्टेंट चान्दमल सांभरिया, पैरा लीगल वोलेंटियर्स शंकर लाल छंदवाल, कैलाश माली, राकेश, कृष्णा कुमावत, माधुरी पारीक, दीपांशु, सागर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

चौरु में संत श्री चोकसराम मुनि महाराज के जुलूस में उमड़ा जनसैलाब

उनियारा/टोंक। चौरू कस्बे में स्थित रामस्नेही संप्रदाय के रामद्वारे के संत श्री चौकस राम जी मुनि महाराज का सर्व समाज द्वारा गुरुवाणी के उदघोष के साथ के भव्य जुलूस निकाला गया। जुलुस में महिलाओं पुरुषों का जन सैलाब उमड़ा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जुलूस के दौरान हिंदु मुस्लिम एकता का संगम देखने को मिला।हर कोई महाराज की चरण वंदना कर आशीर्वाद लेने को आतुर था।

जुलूस के दौरान घर घर के बाहर महाराज का पुष्प वर्षा और माल्यार्पण के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान लोगों द्वारा मिठाई भी बांटी गई। डीजे पर भजनों के साथ भक्तजन नाचते गाते हुए जुलूस का आनंद ले रहे थे। भक्ती रस की बयार के साथ जुलूस का लवाजमा रामद्वारे से शुरू होता हुआ क्यारज राम जी महाराज के समाधी स्थल पर पहुंचा। वहां पर संत श्री चोकसराम जी मुनि महाराज ने विधिवत पूजा अर्चना कर समाधी स्थल पर ढोक लगाई। इसके बाद जुलूस का लवाजमा बढ़ता गया।हर कोई महाराज के दर्शन करने के लिए आतुर थे।

जुलूस वहां से शुरू होकर सड़क मार्ग होते हुए कंकाली माता मंदिर पर पहुंचा। इसके बाद देहलवाल जी महाराज के मंदिर से होता हुआ चौथ का बरवाड़ा रोड़ से होकर बालाजी मंदिर पर पहुंचा। वहां पर पुजा अर्चना के बाद जुलूस नायकों के मोहल्ले से होकर बैरवा मोहल्ले होते हुए रामद्वारे पर जुलूस का समापन हुआ। समापन के बाद उपस्थित भक्तों को गुरुवाणी का उदबोधन देते हुए। महाराज ने कहा कि सभी को मिलजुल कर रहना चाहिए। सभी लोग अपने-अपने धर्म का पालन करें। सत्य पर रहने वाले की कभी हार नहीं होती है। ईश्वर पर विश्वास आस्था बनाएं रखें।

समापन के बाद उपस्थित भक्तों को प्रसादी बांटी गई। इस दौरान रामपाल सैनी, हनुमान मीणा,राधेश्याम माली, राधअनवर मोहम्मद,पुर्व सरपंच बुद्धि प्रकाश मीणा, मुरारी लाल सैनी, बृजेश शर्मा, रामनिवास माली,शेर अली,महेश प्रजापत मुकेश मीणा, शेरु मोहम्मद, हनुमान वैष्णव,धनराज धाकड़,मोहन लाल मीणा, दिनेश धाकड़, गणेश सैनी, विशाल सैनी, सुरेन्द्र धाकड़,बीपी मीणा कालु लाल सैनी, एजाज खान, घनीशयाम धाकड़, सुनिल सैनी,चंद्र प्रकाश शर्मा,तारा चंद्र जांगिड़, कपुर चंद्र शर्मा, मुन्ना मोहम्मद, रामफुल ताजी,लालाराम मीणा, जमना लाल मीणा,ओम प्रकाश नायक, रामस्वरूप गुर्जर, सहित कई लोग जुलूस में उपस्थित रहे।

- महिलाओं पुरुषों ने स्वागत सत्कार में बिछाए पलक पांवड़े
- जुलूस में मुस्लिम समुदाय लिया बढ़ चढ़ कर भाग
- थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी जुलूस में रहे मोजूद

रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का पैगाम लेकर आता है : पठान

मनोहरपूर । आँधी में काँग्रेस के वरिष्ठ नेता नदीम खान पठान ने कहा कि रमजान का महीना सबसे मुकद्दस और पाक महीना माना जाता है।

यह महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का पैगाम लेकर आता है. इस पूरे महीने में मुसलमान रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं, 5 वक्त की नमाज के साथ-साथ तरावीह की नमाज (विशेष नमाज) अदा की जाती है और कुरान शरीफ की तिलावत की जाती है. उन्होंने बताया कि इस साल फरवरी महीने में ही रमजान शुरू होने की।

उन्होंने कहा कि संभावना है.कि चाँद दिखाई देने पर 18 फरवरी की रात से मस्जिदों में तरावीह की नमाज पढ़ी जाएगी और 19 फरवरी से पहला रोजा रखा जाएगा। नदीम खान पठान के अनुसार रमजान का महीना इस्लाम का सबसे मुकद्दस महीना है। इस महीने में मुसलमान 30 दिन तक दिन में रोजा रखते हैं और शाम में तरावीह की नमाज अदा करते हैं। 30 दिन बाद बड़ी हर्षोल्लास से ईद की त्योहार मनाते हैं।

33वाँ वार्षिक श्री श्याम महोत्सव एवं विराट भजनामृत गंगा का आयोजन

पावटा। हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारों के बीच ग्राम बड़नगर में श्री श्याम प्रभु खाटूवाले के 33वें वार्षिक महोत्सव को लेकर श्री श्याम शक्ति मण्डल, बड़नगर द्वारा 16 फरवरी सोमवार रात्रि 8 बजे से 17 फरवरी प्रातः 5 बजे तक श्री श्याम मंदिर, बस स्टैंड बड़नगर में विशाल जागरण के दौरान विराट भजनामृत गंगा एवं अलौकिक श्रृंगार का आयोजन किया गया।

महोत्सव का शुभारंभ शाम 8 बजे श्री श्री 1008 श्री ज्ञानदास जी महाराज के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं अखण्ड ज्योति से हुआ। इसके पश्चात अगले दिन आरती एवं छप्पन भोग प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में चिराग महाकाली आर्ट ग्रुप, महेन्द्रगढ़ (रेवाड़ी) द्वारा अलौकिक एवं भव्य झाँकियां प्रस्तुत की जाएंगी। वहीं रफीक एण्ड म्यूजिकल ग्रुप, भांकरी के साथ रामप्रकाश शाहपुरा द्वारा सजे श्याम दरबार में पूरी रात भजनामृत की गंगा बही। भजन संध्या में गायक कलाकार नरेश सिंह शेखावत (सीकर), बाल कलाकार निव्या शर्मा (जयपुर), कमलेश प्रजापति (झुंझुनू), खुशबू राठौड़ (जयपुर), सीमा शेखावत (जयपुर) सहित अनेक कलाकारो ने अपनी प्रस्तुतियां दी। महोत्सव के उपलक्ष्य में 22 फरवरी 2026 को प्रातः 8 बजे बड़नगर से खाटूधाम के लिए 33वीं पदयात्रा रवाना होगी। पदयात्रा के लिए श्री श्याम मेडिकोज, बड़नगर पर संपर्क किया जा सकता है। संयोजक समस्त ग्राम जनता बड़नगर के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव में क्षेत्रभर के श्याम भक्त शामिल हुए।

जागरण के दौरान विराट भजनामृत गंगा एवं अलौकिक श्रृंगार का आयोजन किया ।

विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

निवाई। ग्राम पंचायत चनानी में हिन्दू समाज द्वारा दुर्गालाल प्रजापत की अध्यक्षता में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिसको लेकर विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम संयोजक गजेंद्रसिंह राजावत ने बताया कि कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए माताजी मंदिर व जैन मोहल्ला होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। इस दौरान भारत माता की जय, जय श्रीराम व वन्दे मातर जयकारों आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। राजेश कनेसर ने बताया कि गोपाल दास महाराज व सुमित दास महाराज ने सभी हिन्दुओं को जागृत व सावधान रहते हुए शास्त्र, साहित्य व शस्त्र को जीवन का अंग बनाने का आ ान किया। उन्होंने मजबूत, संगठित व समरस समाज को हर समस्या का समाधान बताया। मुख्य वक्ता रामकिशन गुर्जर ने पंच परिवर्तनो पर विस्तार से जानकारी दी।

कानूनी अधिकार के लिए जागरूकता शिविर आयोजित

शाहपुरा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर सचिव पवन कुमार जीनवाल एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने गोविन्दम इनफ्रोटेक नगरपरिषद शाहपुरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया।इस शिविर की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक सुरेंद्र कुमार टेलर द्धारा की गई। इस अवसर पर संस्थान के प्रभारी विशाल शर्मा भी उपस्थित थे। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मंदबुद्धि दो तरह के होते है। प्रथम मंदबुद्धि माँ के गर्भावस्था में कुपोषण के शिकार से ग्रसित माताओं, बहिनें के द्धारा लिए गए आहार , दवाईयों के साइड इफेक्ट, एवं किसी अकस्मात दुर्घटना की शिकार हुई महिलाओं के गर्भावस्था में बच्चे को चोट लगने से शारीरिक, मानसिक डिप्रेशन में होने के कारण पैदा होने वाला बच्चा मंदबुद्धि हो सकता है। भारत के संविधान के तहत मंदबुद्धि बोद्धिक अक्षमता को कहा गया है। संविधान के अनुच्छेद 14 समानता का अधिकार दिलाया है।

'बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को देवें गति'

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज कलक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं 2026-27 के समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में संबधित विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने बजट 2026-27 में जिले के लिए हुई घोषणाओं की विभागवार समीक्षा कर निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति के लिए विभागीय अधिकारी भूमि की आवश्यकता वाली घोषणाओं के लिए सात दिवस में भूमि आवंटन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें, जिससे आमजन की सुविधाओं के दृष्टिगत बजट घोषणाओं को यथाशीघ्र धरातल पर मूर्त रूप दिया जा सके। उन्होंने उद्यान विभाग के उपनिदेशक को निर्देश दिये कि ब्याज एवं सब्जी के लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना हेतु गाइडलाइन अनुसार आवश्यक भूमि के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही सुनिश्चित करावें। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि राजगढ़ शहर में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण कार्य के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारम्भ करावे।

जिला कलक्टर ने बजट 2026-27 में जिले के लिए हुई घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की।

LOST-SHARES
Notice is hereby given that 2400 Shares Certificate No. 310135 Dist. No. 13576246 to 13578645 Folio No. DBL 0110196 Holder Damodar Das Malpani Company Dalmia Bharat Ltd. is reported to be lost. If No. objeetion from any in terested person or found to any person may inform company's registrar KFIN Techonolgies Ltd. Selenium Tower 'B' Plot No. 31/32 Nanakramguda-Seri, Hyderabad 500032 within 15 Days of this notice. After that company will issue shares"
Jaipur
February 18th 2026

कार्यालय नव ज्योति राजीविका महिला सर्वांगिण विकास सहकारी समिति लि. श्रीचन्दपुरा
ग्राम-श्रीचन्दपुरा तह.राजगढ (अलवर) राज.
क्रमांक-944 दिनांक-15/2/26
नोटिस
नव ज्योति राजीविका महिला सर्वांगिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड श्रीचन्दपुरा कि विशेष साधारण सभा का आयोजन दिनांक 26/2/26 को 11.00 बजे स्थान-ग्राम पंचायत-कुण्डला में होगी, आपकी उपस्थित सादर आमंत्रण है।
मिथलेश, अध्यक्ष

खोया पाया
मैं नितिन कुमार शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा प्लॉट न 453 ग्रीन वैली 2 कॉलोनी रामसिंहपूरा रोड वाटिका सांगानेर जयपुर के पट्टे की मूल प्रति आवंटन पत्र साइड प्लान व रसीद खो /गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करे! मो.7568868856

मेरे मकान 13/426 मालवीय नगर जयपुर का मूल कार्यालय आदेश, डिमांड लेटर, नियमितीकरण पत्र, अदैय प्रमाणपत्र, मालवीय नगर में कहीं खो गये हैं मिलने पर सूचित करें- योगी लालवानी 9116965112

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 2259/2026
विषय : उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी- नाम पुष्पा श्री श्रीवास्तव पत्नी स्व. श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव निवासी C-40, पंचशील कॉलोनी पुरानी चुंगी, अजमेर रोड जयपुर-302019
मृतक स्व. विनोद कुमार श्रीवास्तव पुत्र सुन्दर लाल की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक: 18.03.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम विनोद कुमार श्रीवास्तव पुत्र सुन्दरलाल जाति कायस्थ निवासी C-40 पंचशील कॉलोनी, पुरानी चुंगी, अजमेर रोड, जयपुर-302019 का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 18 माह 03 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 03 माह 02 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थी ने मृतक विनोद कुमार के नाम प्राप्त में वर्णित सम्पति बाबत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र चाहा है।
मोहर
आज्ञा न्यायालय से
वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सैशन न्यायालय जयपुर महानगर प्रथम

प्रपत्र सं. 7 (देखिए नियम 21)
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नं. DEV/JAIPUR-I/TRUST/467/2026
चूंकि प्राथी श्री **Madhu Sudan Agarwal, 5, Ballabh Kunj, Jamna Lal Bajaj Marg, C-Scheme, Jaipur-302001** ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम की धारा 1959 की धारा 17(1)के अन्तर्गत प्रन्यास श्री राम बल्लभ अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट, **152, Haldiyon Ka Rasta, Johari Bazar, Jaipur-302003** के सम्बंध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए,यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी– 17.04.2026
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर प्रथम

नाम परिवर्तन
मैं कमलेश कुमार चंदवानी पुत्र श्री गुनामल चंदवानी निवासी 220- बी, सिन्धी कॉलोनी, जवाहर नगर, जयपुर। मैंने अपना नाम कमलेश चंदवानी से बदलकर कमलेश कुमार चंदवानी (KAMLESH KUMAR CHANDWANI) रख लिया है। भविष्य में मुझे कमलेश कुमार चंदवानी के नाम से जाना जाये।

मैंने सभी उदेश्यों के लिए अपना नाम SANJIDA से बदलकर SANJIDA KHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे SANJIDA KHAN निवासी- 2342, बालजी की कोठी का रास्ता, चौकड़ी तोपखाना हुजूरी, घाटगेट, जयपुर के नाम से जाना जाए।

I Kanwer Kanta spouse of GO no. 005362L rank AE (Civ) Jassu Singh resident of village Kujota Teh. Kotputli, Dist. Jaipur, Rajasthan-303108 have changed my Name from Kanwer Kanta to Kanta vide affidavit dated 17 feb 2026 before additional district magistrate (ADM) Kotputli, Rajasthan.

I Murli Devi legally wedded spouse of airforce no 704953K Ex sgt Late phool Chand takar resident of dhani vikash nagar govindgarh jaipur that i want to change myname from MURLI DEVI To MURALI DEVI vide affidavit dated 21 jan 2026 before sub divisional officer chomu Jaipur

आम सूचना दिनांक 17.02.2026
मैं मेरे अभिभाष्य श्री बनवारी लाल शर्मा पुत्र श्री रामकरण शर्मा, निवासी ग्राम टेकचन्दपुरा की ढाणी, टेकचन्दपुरा, तहसील तूंगा, जिला-जयपुर (राज.) के विहाफ एवं निर्देशानुसार हर खास-आम को सूचित करता हूँ कि मेरे अभिभाष्य के संपत्ति बी-353, हाउसिंग कोलोनी, रीको ओद्योगिक क्षेत्र, सीतापुरा, जिला जयपुर से सबंधित असल अलाटमेन्ट लेटर क्रमांक U (25)/RESI/2002/175 दिनांक 26.04.2002 गुम हो गया है जो काफी प्रयास के उपरान्त भी नही मिला है। यदि मेरे अभिभाष्य के उक्त संपत्ति का उपरोक्त असल अलाटमेन्ट लेटर किसी को भी मिलता है तो निवेदन है कि मेरे मोबाइल नं. पर सूचित करे।
आमजन को यह भी सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य की उक्त संपत्ति के सबंध मे कोई भी किसी भी अन्य व्यक्ति, फर्म, संस्था, निकाय, कंपनी इत्यादि किसी से भी प्रकार का क्रय-विक्रय या किसी भी प्रकार का संव्यवहार नही करे। यदि मेरे अभिभाष्य की उक्त संपत्ति के सबंध मे कोई अन्य किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय या किसी भी प्रकार का संव्यवहार करता है तो इसके समस्त परिणामो के लिये वह स्वयं उत्तरदायी होगा। उसमे मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेवारी नही होगी। सूचित रहे।
हेमन्त सैनी एडवोकेट, मोबाइल-9887662156

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1402
चूंकि प्रार्थी श्री DURGA LAL MALI, H-25, SAINI COLONY EXTENSION, RAM NAGAR, SWEJ FARM, SODALA, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास हरी सब्जी उत्पादक किसान वेलफेयर संस्थान 1, GAUN SARI MANDI, JANTA MARKET, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 12.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 20.04.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1426
चूंकि प्रार्थी श्री SANDEEP KUMAR KULHARI, 254, हिम्मत नगर, टोंक रोड, जयपुर 302018 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास साइन इंटरनेशनल एंटरप्राइजेज, 254, हिम्मत नगर, टोंक रोड, जयपुर 302018 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्